## खबर संक्षेप

### पुलिस डिप्लॉयमेंट प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को निर्देश दिये गये हैं कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के अंतर्गत मतदान के लिये तैयार किये गये पुलिस डिप्लॉयमेंट प्लान प्रेक्षक से अनुमोदित कराकर प्रस्तुत करें।

### भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल मोबाईल एप

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल नामक एक सरल लेकिन प्रभावी मोबाईल एप डिजाइन और विकसित की है। यह मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन के दौरान जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करके नागरिकों के साथ विश्वास आधारित साझेदारी को सुगम बनाता है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सी-विजिल मोबाईल एप निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत्य समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ नागरिकों को रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। इस मोबाइल एप का उपयोग करके नागरिक लाइव फोटो या वीडियो कैप्चर तैयार करते हैं। निर्वाचन तंत्र उल्लंघन का साक्ष्यिक सबूत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाता है। हर सी-विजिल मामले पर कार्रवाई की जाती है और 100 मिनट की समयावधि के दौरान की गई कार्रवाई के साथ वापिस जवाब भेजा जाता है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने जिले के नागरिकों से मोबाईल के प्ले स्टोर में जाकर सी-विजिल मोबाईल एप डाउनलोड करने की अपील की है।


### मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत केंद्रीय जीएसटी ऑफिस के स्टाफ को आज मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई।

### 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

# 16 लाख 32 हजार 190 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16 - छिंदवाड़ा के लिए छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिये छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में कुल 1939 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं । इन मतदान केन्द्रों पर 16 लाख 32 हजार 190 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 8 लाख 24 हजार 449 पुरूष, 8 लाख 7 हजार 726 महिला और 15 अन्य मतदाता शामिल हैं । इनमें 85 वर्ष एवं अधिक आयु के 7630 मतदाता और 24246 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। सेवा निर्वाचक मतदाता 2531 हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत 85 वर्ष एवं अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं में से 1293 ने होम वोटिंग सुविधा का चयन किया था, जिनमें से होम वोटिंग के प्रथम राउंड के अंतर्गत 05 से 07 अप्रैल तक कुल 1265 मतदाता मतदान कर चुके हैं। अनुपस्थित मतदाताओं के लिए द्वितीय राउंड के अंतर्गत 14 अप्रैल को होम वोटिंग के लिए मतदान दल उनके घर पहुंचेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 122-जुन्नारदेव में 272 मतदान केन्द्रों में 225356 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 113429 पुरूष, 111924 महिला व 03 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123-अमरवाड़ा में 332 मतदान केन्द्रों में 257580 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 129244 पुरूष, 128334 महिला व 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 124-चौरई में 272 मतदान केन्द्रों में 219728 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 112053 पुरूष और 107675 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 125-सौंसर में 253 मतदान केन्द्रों में 211081 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 108280 पुरूष व 102801 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 126-छिंदवाड़ा में 311 मतदान केन्द्रों में 284043 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 141477 पुरूष, 142558 महिला व 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 127-परासिया में 245 मतदान केन्द्रों में 218999 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 110142 पुरूष, 108856 महिला व 01 अन्य मतदाता शामिल हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 128-पांढुर्णा में 254 मतदान केन्द्रों में 215403 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें 109824 पुरूष व 105578 महिला और 01 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### जगह जगह हुआ स्वागत, प्रसाद बांटा

# शहर में रामनवमीं की धूम, निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा झांकी निकाली गई दमुआ शहर नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया ।दम हुआ 17 अप्रैल दिन बुधवार को श्री रामनवमी श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभा यात्रा झांकी निकाली गई शोभायात्रा में भगवान प्रभु श्रीराम ,लक्ष्मण जी ,सीता जी, हनुमान जी ,भरत जी सुग्रीव जी सहित सह परिवार सोमुख मनमोहक चित्रण झांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर शोभायात्रा बाइक रैली भी निकली गई शोभायात्रा में भारी संख्या में प्रभु श्री राम के भक्तगण और हनुमान जी के भक्तगण एवं भक्ति श्रद्धालु गण शामिल थे भव्य शोभायात्रा झांकी का दमुआ नगर शहर में जगह-जगह स्वागत भी किया गया किसी ने चना बनाया तो किसी ने शरबत पिलाया किसी ने पानी भी पिलाया तो किसी ने पूजा पाठ कर फूल बरसाए।

## कटिया से रोशन हो रही ग्राम पंचायत कोठार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

उमरेठ विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोठार कटिया से रोशन हो रही है । यहां कई घरों में चोरी की बिजली उपयोग किया जा रहा है । विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों के पास हाथ पर हाथ धरे रहने के अलावा कोई चारा नहीं है ।कटिया मतलब बिजली के तारों पर आंकड़े डालकर बिजली चुराने की तरीके को कहते हैं । जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत कोठार में बिजली चोरी के मामले कभी भी देखे जा सकते हैं । यहां कुछ घरों को छोड़कर लगभग सभी घरों में आंकड़े लगाकर बिजली चोरी की जा रही है । बताया यह भी जाता है , कि यहां लाइनमैन की उदासीनता के चलते यह स्थिति बनी हुई है । इस मामले लाइनमैन श्री पवार कहते हैं ग्राम कोठार में कई बार बिजली चोरी पकड़ी गई है और प्रकरण भी बनवाए गए , उसके बावजूद लोगों द्वारा बार-बार आंकड़े लगा लिए जाते हैं । इस मामले में उच्च अधिकारियों को भी नियमित रूप से अवगत कराया जाता है । श्री पवार के इस कथन से साफ जाहिर है , कि विभाग की ओर से इस मामले को लेकर उठाए जाने वाले कम ना काफी है , विभाग के पास सिर्फ हाथ पर हाथ धरे रखकर तमाशा देखना ही बचा है ।

### रामनवमी पर राजेंद्र अग्रवाल ने थामा भारतीय जनता पार्टी का हाथ

**छिंदवाड़ा।** आज रामनवमी की शुभ अवसर पर राजेंद्र अग्रवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी में अपनी सदस्यता ग्रहण की उनकी सदस्यता प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा द्वारा कराई गई, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई प्रमुख नेता शामिल थे यह के सदस्यता विशेष तौर पर करवाई गयी है । श्री अग्रवाल विगत कई बरसों से कांग्रेस में अपनी भूमिका निभाई वे वरिष्ठ नेताओं में से जाने जाते हैं और कई पदों पर भी रह चुके थे, वर्तमान में उन्होंने बहुत बड़े संगठन का निर्माण किया था जिसका नाम था/टीम कमलनाथ (भारत) सोशल मीडिया एवं संगठन के माध्यम से उन्होंने पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश से लाखों लोगों को जोड़ा था और बड़ी कड़ी मेहनत करके इस संगठन को खड़ा किया और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर वे यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे थे । वर्तमान में प्रदेश महासचिव कांग्रेस आईटी सेल पद पर थे, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भी बहुत करीबी थे, और निस्वार्थ भावना से उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया परंतु कांग्रेस में टांग खींचो अभियान से परेशान होकर एवं भाजपा की रीति-नीति एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर और वर्तमान में मुख्यमंत्री मोहन यादव के एवं संगठन संचालित करने की क्षमता देखते हुए, उन्होंने आज भाजपा की सदस्यता ली । श्री अग्रवाल आज सुबह भोपाल में अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता करवायेंगे, और यह क्रम निरंतर चलता रहेगा।

# रेत माफियाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

### शिवपुरी क्षेत्र में बेखौफ जारी रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कोयलांचल क्षेत्र के रावनवाड़ा से लेकर शिवपुरी और इसके आसपास के क्षेत्र के रेत माफियाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । इस क्षेत्र में दिन-रात रेत का अवैध परिवहन जारी है । जिम्मेदार अधिकारी देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं । इससे सरकार के राजस्व पर डाका डल रहा है । गौरतलब है कि शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरी , नवेगांव , बिजोरी और फुटारा में रेत खदानें आबंटित है , लेकिन इस क्षेत्र के रेत माफिया शिवपुरी ,ढाला, पांडरई, पलटवाड़ा , लोहंगी क्षेत्र में स्थित नदियों से अवैध रूप से रेत निकालकर परिवहन कर रहे हैं । इतना ही नहीं इनके हौसले इतने बुलंद है , कि ये लोग फर्जी रॉयल्टी काट कर देने से भी बाज नहीं आते हैं । इन्हें ना अधिकारियों का डर है और नहीं आचार संहिता से लेना देना है । अधिकारियों से साठगांठ के चलते अवैध रूप से रेत का कारोबार जारी है । रेत ठेकेदार निर्धारित स्थान के अलावा अन्य स्थानों से भी रेत का उत्खनन कर रहे हैं । इन सारी स्थितियों की जानकारी सभी जिम्मेदार अधिकारियों को है , लेकिन इन कारोबार में रसूखदारों के शामिल होने के चलते इन कामों को पूरी तरह बंद कर पाना नामुमकिन नजर आ रहा है ।

### चैत्र नवरात्र पर्व पर मनाया प्रसिद्ध श्री श्री खेड़ापति माता मंदिर शक्तिपीठ



**दमुआ।** माता रानी के दरबार में इस वर्ष भी 9 अप्रैल चैत्र नवरात्र पर भक्त श्रद्धालु की ओर से 452 मनोकामना ज्योति कलश रखे गए थे जहां मां काली जी, दुर्गा जी माता रानी के दरबार में उपासना आराधना एवं पूजन पाठ अनुष्ठान आरती आदि भक्ति भाव के साथ भक्त जनों ने उपवास व्रत भी रखा था 17 अप्रैल दिन बुधवार को श्री रामनवमी का पर्व भी मनाया गया इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा झांकी प्रभु श्री राम भक्त हनुमान, लक्ष्मण ,सीता ,भरत ,सुग्रीव की मनमोहक झांकी का प्रस्तुतीकरण हुआ और दमुआ नगर शहर का भी भ्रमण किया गया । 18 अप्रैल दिन गुरुवार को कलश शोभा यात्रा ज्वारे विसर्जन किया जाएगा । कन्हान नदी में धूमधाम से भक्त प्रेमी भक्ति श्रद्धालु भक्तजन भी विसर्जन कार्यक्रम में आयोजन में शामिल रहेंगे और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन दमुआ, नगर पालिका प्रशासन दमुआ एवं नायब तहसीलदार महोदय, पत्रकार बंधु समाजसेवी धार्मिक संगठन के समस्त जन प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे।

### बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगजनों को किया गया मतदान के प्रति प्रेरित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गनिर्देशन और संयुक्त कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती अंकिता त्रिपाठी के नेतृत्व में शासकीय कला पथक दल द्वारा स्वीप कैलेण्डर की गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनों कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों के अंतर्गत छिंदवाड़ा नगर के नोनिया करबल, इमलीखेड़ा के औद्योगिक क्षेत्र व साप्ताहिक बाजार, आईपीएस कॉलेज, जनता कॉलोनी, गणेश चौक, पुराना बैल बाजार और ग्राम कुण्डालीकला व मोठार के साप्ताहिक बाजार में बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगजनों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान के प्रति प्रेरित किया गया और मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शासकीय कला पथक दल के प्रमुख कलाकार श्री नरेन्द्र पाल ने बताया कि छिंदवाड़ा नगर के नोनिया करबल की पुरानी बस्ती में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं से भेंट कर उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया गया । इमलीखेड़ा के औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों, ठेकेदारों, सुपरवाईजरों, मैनेजरों आदि को दिव्यांग आईकॉन श्री हरिओम विश्वकर्मा की उपस्थिति में मतदान के लिये प्रेरित कर निष्पक्ष व निर्भीक मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही इमलीखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में हाट-बाजार करने वाले आम नागरिकों, ग्रामीणजनों, दुकानदारों और खरीददारों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। आईपीएस कॉलेज में म.प्र.जन अभियान परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों एवं बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों को प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही छिंदवाड़ा नगर के जनता कॉलोनी, गणेश चौक, पुराना बैल बाजार में मतदाताओं को विभिन्न स्वीप गतिविधियों द्वारा जागरूक किया गया। इसी प्रकार ग्राम कुण्डालीकला व मोठार के साप्ताहिक बाजार में ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली।



## ग्रामीणों को दी मतदान केंद्र में 12 परिचय पत्रों में किसी एक को साथ ले जाने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने उन्हें मतदान की शक्ति पहचानने की बात जन अभियान परिषद की टीम ग्रामीण अंचलों में पहुंच रही है।टीम में जन अभियान परिषद के परामर्शदाताओ, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाए , प्रस्फुटन समितिया ,बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ग्रामीणों से रूबरू होते हुए मतदान के लिए जाते समय आवश्यक साथ ले जाने वाले 12 दस्तावेज में कोई एक ले जाने की जानकारी दे रहे है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवम कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह जी एवम स्वीप प्लान के जिला नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जायसवाल जी के कुशल मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह,अशीष साहू , नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति के अध्यक्ष डाक्टर महेश बंदेवार बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट सहासराम साहू,ज्योति उईके,रश्मि अहके, रितु बोपचे, निहाल तिवारी, रघुबीर तोमर,ने ग्राम उभेगाव भैसकोल चारगांव मदनपुर,जैतपुर ,साख, जाटामा थावरो कला, चारगांव भाट, सहपुरा, कुईया, उम्हर, भाजीपानी, ,खापकला, गोदरा को मताधिकार का महत्व बताया।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

### वार्ड तीन में जनसंपर्क के दौरान भाजपा ने दिखाई ताकत, चुनाव प्रचार थमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आज नगर शक्ति केंद्र 03 के बूथ क्रमांक 211 में (वार्ड नं 11)में रामनवमी के पावन अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल उपाध्यक्ष अनिरुद्ध बूटा चटर्जी, सहसंयोजक, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद संजय जैन बूथ महामंत्री मुकेश बंदेवार,भाजपा नेता धर्मराज पाल,संदीप बेलवांशी, ने डमी मशीन के माध्यम से आगामी 19 तारीख को मतदान करने कहा है।

यही समय है सही समय है, मोदी सरकार के की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को दिया गया है इसमें कोई भेदभाव नहीं किया गया, इसीलिए आप सभी से निवेदन है मोदी सरकार की कमल फूल की सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस कार्यक्रम में बूथ के युवा भाजपा साथी उपस्थित रहे।

# सांची दूध की गाड़ी से मिले शराब और कांग्रेसी दुपट्टे

### भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चुनाव आते ही राजनीतिक दल शाम दाम दंड भेद अपनाते हुए शराब, रूपया बांटने का काम चोरी छुपे शुरू करते है। पुलिस की चाक चौबंध व्यवस्था के बाद भी आज सांची दुग्ध लिखे वाहन से पुलिस ने शराब की बोतलों के साथ कांग्रेस के दुपट्टे और बच्चों को बांटी जाने वाली कैप बरामद किए।कोतवाली पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए जांच को सघन करने के निर्देश आला अधिकारियों ने दिए है। क्योंकि इस तरह की अति आवश्यक सेवा वाली गाड्यिों में इन वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है। इस संबंध में भाजपा के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने बताया कि कांग्रेस के महामंत्री के पास से साढ़े चार लाख की राशि बरामद की गई थी। उसके बाद कांग्रेस ने जीतने के लिए भाजपा प्रत्याशी के चरित्र हनन करने का भी प्रयास किया था। उसके बाद यह तीसरा मामला है जब सांची दुग्ध की गाड़ी में शराब और कांग्रेस के दुपट्टे मिले है। भाजपा प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि कमलनाथ जी धन बल और लोकतंत्र की हत्या कर चुनाव जीतना चाहते है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नाबालिग बच्चे शराब का सेवन कर रहे है। जांच के दौरान शराब और प्रचार सामग्री का मिलना इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि कांग्रेस निम्न स्तर तक पहुंच गई है। छोटे छोटे से बच्चों को शराब बांटकर उन्हें शराब का आदी बनाया जा रहा है। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए इस तरह के हथकंडे का विरोध किया है।

#### मोहखेड़ क्षेत्र के कांग्रेसी नेता का है वाहन

टाटा 407 लगेज दुग्ध क्रमांक एमपी 28 बी 1489 में यह शराब का परिवहन किया जा रहा था यह गाड़ी मोहखेड़ के कांग्रेसी नेता विजय गावंडे के माध्यम से चलवाई जा रही थी। गावंडे की पत्नी मोहखेड़ जनपद में जनपद अध्यक्ष रह चुकी है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

### प्रथम चरण के लिये शाम 6 बजे से बंद हुआ चुनाव प्रचार

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश के जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर बुधवार को शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो गया है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान हुआ। अतः इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन अभियान चलाया जाता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौरई के धनौरा में आयोजित जनसभा को किया संबोधित

# छिंदवाड़ा की जनता विकास को तरस रही : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 15 माह के लिए मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो एक छिंदवाड़ा मॉडल भी आया। इस मॉडल को पूरे मध्यप्रदेश में लागू करने की तैयारी थी, लेकिन विकास के इस छिंदवाड़ा मॉडल में तो यहां की जनता ही परेशान है। छिंदवाड़ा के लोग विकास को तरस रहे हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वे छिंदवाड़ा मॉडल का उदाहरण बताते फिर रहे हैं। 1977 से छिंदवाड़ा के लोगों ने उन्हें माथे पर बिठा रखा है। 44 सालों से उनके घरों में हेलीकाप्टर उतर रहे हैं, लेकिन छिंदवाड़ा के लोगों को उन्होंने कभी हेलीकॉप्टर पर नहीं बैठाया। अब भाजपा सरकार ने निर्णय लिया है कि इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर हेलीकाप्टर में बैठाकर बड़े अस्पताल पहुंचाएंगे। कांग्रेस ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर को नहीं बनने देने के सब षड्यंत्र रच लिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने श्रीराम मंदिर का रास्ता खोल दिया। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे छिंदवाड़ा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी श्री विवेक बंटी साहू के समर्थन में चौरई विधानसभा के धनोरा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

#### 44 सालों से झूठ बोलकर कर रहे हैं गुमराह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 44 साल से छिंदवाड़ा के लोग कमलनाथ का साथ दे रहे हैं और वह कह रहे हैं कि मैं तपस्या कर रहा हूं। तपस्या वो नहीं, ये लोग कर रहे हैं जो यहां बैठे हैं। कमलनाथ तो छिंदवाड़ा के लिए समस्या बन गए हैं। वे 44 साल से झूठ बोल रहे हैं और छिंदवाड़ावासियों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप कितने उदार मन वाले हैं। 44 साल से आपके विचारों का सपना सिर्फ सपना ही बना हुआ है। वे लगातार झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं कि अब कर देंगे, अब कर देंगे, लेकिन कुछ नहीं किया। इतने सारे लोग बोल रहे हैं कि हमारे यहां कुछ नहीं हुआ और वो कह रहे हैं, छिंदवाड़ा मॉडल दुनिया में दिखाऊंगा।

#### 500 वर्षों के बाद श्रीराम गर्भगृह में मुस्कुराए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज से 17 लाख साल पहले भगवान श्रीराम अवतरित हुए थे। भगवान श्रीराम के जन्म और पराक्रम का संयोग है कि इस चैत्र नवरात्रि की रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे उनका प्राकट्य हुआ। इस बार की रामनवमीं भी देशवासियों के लिए बेहद अहम रही। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुराए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीराम मंदिर में ऐसी रचना बनाई गई कि सूर्य की किरण भगवान के मस्तक पर पड़ेगी।

## चौरई के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित

# किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करना है मोदीजी का संकल्प : बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने चौरई के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार इस बात का जिक्र करते रहे हैं कि उनके लिए जातियां सिर्फ चार हैं, गरीब, किसान, महिला और युवा। इनके सशक्तिकरण के लिए वह हमेशा से प्रयास करते रहे हैं और करते रहेंगे। इनमें से किसान पीएम मोदी के विकास के संकल्प में शीर्ष पर हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की 1.0 सरकार के गठन के बाद से ही किसानों को सशक्त करने को लेकर पीएम के प्रयास किसी से छुपे नहीं हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में किसानों को लेकर सरकार ने कई शानदार फैसले लिए जिसने किसानों की दिशा और दशा दोनों सुधारने में अहम योगदान दिया।

लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा कि मोदीजी की सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर दिया है। 10 साल में किसानों की आमदनी दोगुनी करने के प्रयास के तहत पीएम मोदी की सरकार ने कृषि का बजट हर साल बढ़ाया। इसका बेहतर उपयोग कैसे हो इसे भी सुनिश्चित किया। इसके साथ ही नकदी खेती के बेहतर विकल्प के बारे में किसानों को जागरूक करना, कृषि के लिए मिट्टी को स्वस्थ कैसे बनाया जाए इसकी जानकारी देना अहम रहा। खेती के लिए किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिले ये सुनिश्चित कराना, किसानों को खेती के लिए आसानी से ऋण कैसे मिले इसकी व्यवस्था करना भी शामिल रहा।

उन्होंने बताया कि कृषि के बुनियादी ढांचे को मजबूत कैसे बनाया जाए इसके लिए योजनाएं बनाना। किसानों को आपदा के समय कैसे सहायता मिले, फसलों की बीमा कैसे हो। ज्यादातर कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था के साथ किसान अपनी फसल को बाजार तक कैसे पहुंचाएं या किसानों की पहुंच बाजार तक कैसे हो इसकी व्यवस्था करना। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ नकदी खेती के जरिए कैसे अतिरिक्त आय के अवसर बने इसके बारे में जागरूक करना। किसानों को वित्तीय सुरक्षा मुहैया कराना, कृषि में उन्नत तकनीक का उपयोग कैसे हो इसकी व्यवस्था करना से लेकर, अन्नदाता सम्मान जैसे काम किए हैं। किसानों की आय कैसे बढ़े इसके लिए एक साल में कई बार एमएसपी में सुधार भी किया गया। मोदी सरकार के कार्यकाल में एमएसपी पर खरीदी में तेज उछाल भी देखा गया। किसानों को फसल बीमा का लाभ देने के साथ पीएम किसान योजना और किसानों के खाते में हर साल 12000 रुपए की रकम सीधे भेजना जैसे कामों के साथ किसानों को सशक्त बनाने पर बल दिया गया। किसानों की फसल को लेकर कोल्ड चेन, मेगा फूड पार्क के साथ ही कई और अन्य प्रकार के कृषि प्रसंस्करण बड़े पैमाने पर स्थापित किए गए। पीएम मोदी की सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' के साथ ही 'आत्मनिर्भर किसान' पर भी काम करती रही है। श्री साहू ने कह पीएम नरेंद्र मोदी के इस दस साल के कार्यकाल में कई किसानों को पद्म पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया।मोदी सरकार के दस साल में कृषि बजट में 5 गुना तक की बढ़ोतरी की गई है। 2007-14 के बीच कृषि का बजट जहां 1.37 लाख करोड़ रुपए था वहीं 2014-25 के बीच यह बढ़कर 7.27 लाख करोड़ रुपए हो गया। पीएम मोदी ने किसानों को जो यूरिया खाद मिलता था उसकी कालाबाजारी को रोकने के लिए नीम कोटेड यूरिया की व्यवस्था कर दी। यूरिया के अवैध डायवर्सन को इससे पूरी तरह रोक दिया गया और किसानों को अब खाद के लिए लंबी लाइन नहीं लगानी पड़ती हैं।

## झूठ का सच्चाई से मुकाबला नहीं हो सकता- नकुलनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

तामिया के खामंत्रा में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये जिले के युवा सांसद श्री नकुलनाथ ने कहा कि आदिवासी का मान, सम्मान व अधिकार की रक्षा हमेशा कांग्रेस ने की है और आगे भी करती रहेगी। भाजपा चाहती है कि एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग का आरक्षण समाप्त किया जाये किन्तु हम यह किसी भी स्थिति में नहीं होने देंगे। यही नहीं भाजपा की विकास विरोधी सोच को भी जवाब देंगे ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर होता रहे। सांसद श्री नकुलनाथ ने आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये आगे कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी हितैषी होने का नाटक करते हैं, क्योंकि सच्चाई तो आप लोगों के सामने हैं कि किस तरह सीधी जिले में भाजपा विधायक के प्रतिनिधि ने आदिवासी भाई पर पेशाब की। बैतूल जिले में आदिवासी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई साथ ही सिवनी जिले में दो आदिवासी भाइयों की हत्या के मामले आप लोगों के सामने हैं। झूठ और सच में यहीं फर्क समझ आ रहा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस है स्वयं मैं व पूर्व सीएम श्री कमलनाथ जी है जिन्होंने हमेशा ही आपके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे।

## मोबाइल एसोसिएशन की ऐतिहासिक रही रामनवमीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सेवाकार्यों में अग्रणी स्थानीय जिला मोबाइल एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राम नवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया । 7 दिन तक लगातार सांस्कृतिक , धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए ।इस अवसर पर मोबाइल एसोसिएशन के सचिव दीपक डोईफोड़े ने बताया कि वर्ष भर एसोसिएशन जरूरतमंदों की सेवा करती हैं । जिसमे बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरों को निःशुल्क भोजन दिया जाता है । जिसमें पुलाव और हलवा रहता है ।तीज त्यौहार पर पूरा भोजन होता है। गत 2 वर्ष पहले श्रीराम नवमी के दिन स्थानीय जगदीश चंद्रवंशी की आकस्मिक दुर्घटना के कारण मौत हो गई थी। मोबाइल एसोसिएशन द्वारा उनके परिवारजनों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की गई थी । इस प्रकार की अन्य सेवाएं हम लोग करते रहतें हैं। राम नवमी पर प्रतिवर्ष जो ऐतिहासिक रैली जुलूस निकाला जाता है , उसमें मोबाइल एसोसिएशन का योगदान सराहनीय होता है। इस कार्यक्रम में मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद जैन , सचिव दीपक डोईफोड़े , कोषाध्यक्ष अर्पित जैन , विनय ठाकुर , बबलू वर्मा , आकाश पंजवानी , मोहन साहू , नितिन डोईफोड़े , अंकित ठाकरे , सुजीत सोनी , हरीश मदान आदि कई लोगों का सहयोग हमेशा रहता है ।

## वृद्धाश्रम में जाकर मनाया रामनवमीं का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भगवान राम जन्मोत्सव के शुभअवसर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच जाकर फल वितरण कर सभी को सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं बधाई दी और बुजुर्गों के दीर्घायु जीवन की कामना की।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, अंकित बंदेवार, रोहित डेहरिया,राजेश तिवारी, प्रवीण पटेल, विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बौध्द समाज ने सम्राट अशोक की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बुद्ध विहार सौसर में 16 अप्रैल को प्रियदर्शी सम्राट अशोक की जयंती रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल,डॉ बाबा साहेब आम्बेड़कर नवयुवक मंडल सौसरबुद्धिस्ट इंटरनेशल नेटवर्क कि संयुक्त तत्वाधान में मनाई गई। जयंती अवसर पर उपस्थितों के द्वारा तथागत बुद्ध सम्राट अशोक एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर अभिवादन माल्यार्पण किया गया।जयंती अवसर पर जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,मुरलीधर कामले, व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागडे,देवेंद्र बागड़े,श्रीमती ललिता दुफारे,मूकेश बागड़े,देवाजी दुफारे,नकलकार विजय घाटोड ने जयंती अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत और विश्व के कई देशों में आज बुद्ध धम्म जीवित रखने का काम प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने किया है। कलिंग के युद्ध के बाद में सम्राट अशोक ने बुद्ध धर्म का स्वीकार करते हुए विश्व को बौद्ध में बनाने के लिए 84000 मठ बौद्ध विहारों का निर्माण किया था।जिसमें साची, नालंदा, तक्षशिला, अजंता, एलोरा, बुद्धगया मैं बने हुए बौध्द मठ ओर विहार शामिल है। आयोजन के दौरान सर्वसम्मति से 2025 में सम्राट अशोक की जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान सुगत बागड़े,शेखर सोमकुंवर,सिद्धार्थ बागड़े,महादेव गोडबोले, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसरअध्यक्ष पमिता बागडे,नितल हनवते,योगिता कड़बे,कंचन कामले,कुसुम सहारे,कंचन गजभिये,चंद्रकला दुफारे,समता बागड़े, आदि थे।

## शासकीय विधि कॉलेज मतदाता जागरूकता पर आयोजित हुई स्लोगन प्रतियोगिता

**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय काराबोह के द्वारा निर्वाचन जागरूकता क्लब के माध्यम स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाताओं में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संगीता बेलवंशी, कुंजल शर्मा, आयुष प्रसाद, अमित पाल, सरिता साकोम, मालती पंद्राम, दीक्षा कुमरे, अनुष्का ठाकुर आदि विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। इस दौरान प्राचार्य डॉ बी.के. अकोदिया, डॉ कमलाकर मोटघरे, डॉ दमयंती कटरे, डॉ स्नेहा सिंह, कीर्ती कोबरे, श्री तरूण यादव, राकेश कुमार कोष्टी उपस्थित थे।

## पंचायत के कामकाज ठप, ग्रामीणों को नहीं मिलेगी सुविधाएं

# धनकोषा में आंधी-तूफान ने मचाया कहर, पंचायत भवन उजड़ा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मंगलवार की शाम को कटंगी क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई है. बुधवार को भी तय नहीं हो पाया कि कहां कितना नुकसान हुआ है. इस बीच जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम धनकोषा में काफी नुकसान होने की जानकारी सामने आई. यहां पर कई साल पुरानी ग्राम पंचायत की इमारत का 40 फीसदी हिस्सा तूफान से बर्बाद हो गया. पंचायत की छत उखड़ गई. जिससे बारिश का पानी अंदर गिरा और पंचायत के दस्तावेज, कम्प्यूटर, प्रिंटर, टीवी सहित अन्य उपकरण खराब हो गए. पंचायत के बगल में ही स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान की भी छत उड़ गई. जिससे दुकान में रखा कुछ अनाज पानी में भीग गया. सरपंच श्रीमती जयशीला ने बताया कि पंचायत भवन में बैठकर काम करना मुमकिन नही है. उन्होंने बताया कि पंचायत की हालत को देखते हुए भवन के नवनिर्माण के लिए लगातार अधिकारियों से पत्राचार किया गया. विधायक गौरव सिंह पारधी को भी आवेदन देकर नई इमारत का निर्माण करवाने की मांग रखी गई लेकिन सिर्फ कोरा आश्वासन मिला. नतीजा एक दिन पहले आए तूफान से पंचायत भवन को काफी नुकसान हुआ. सरपंच जयशीला ने साफ कर दिया है कि इस जर्जर इमारत में बैठकर सचिव और रोजगार सहायक को बिल्कुल भी काम नहीं करने दिया जाएगा. अगर, इनके साथ कोई अनहोनी होती है तो शासन-प्रशासन पल्ला झाड़ देगा. इसलिए जब तक पंचायत भवन को स्वीकृति नहीं मिलती तब तक पंचायत में बैठकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना या किसी भी तरह की गतिविधि का संचालन नहीं किया जा सकता। धनकोषा पंचायत के उपसरपंच संतोष राहंगडाले ने बताया कि करीब 50 साल पुराने पंचायत भवन के निर्माण के लिए अब तक के तमाम सरपंचों ने अपने कार्यकाल में प्रयास किए. सांसद, विधायक से लेकर संबंधित विभाग के वरिष्ट अधिकारियों को पत्र लिखकर पंचायत की स्थिति से अवगत कराया और नव निर्माण करवाने की मांग रखी. जब यहां बात नहीं बनी तो सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई किंतु अधिकारियों ने दबाव बनाकर शिकायत वापस करवा ली. भाजपा से ताल्लुक रखने वाले संतोष राहंगडाले ने अपनी ही पार्टी के विधायक गौरव सिंह पारधी पर पंचायत की तरफ ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया. उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद पंचायत में ढाकने तक नहीं आते. विधायक शिकायत और समस्याओं को अनसुना कर देते है. विधायक कहते है कि तुम ग्रामीणों ने हमें वोट नहीं दिया. इसलिए धनकोषा पंचायत को कोई सहयोग नहीं करेंगे. धनकोषा पंचायत में तमाम तरह की समस्याएं है. जनपद पंचायत कटंगी सीईओ को इन समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी वह ध्यान नहीं देते।

## ग्राम कालीमाटी में समारोहपूर्वक मनाई गई सम्राटअशोक, फूले एवं डॉ. अंबेडकर जयंती



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रज्ञा शील एवं करूणा का संदेश देनेवाले भगवान गौतम बुद्ध, अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट अशोक,शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फूले एवं विश्वरत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की संयुक्त जयंती क्षेत्र के ग्राम कालीमाटी में 15 अप्रैल 2024 को भारतीय बौद्ध महासभा ग्राम शाखा-कालीमाटी के तत्वाधान में समारोहपूर्वक मनाई गई । यह कार्यक्रम आयु.आर.के. मेश्राम सर्कल अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा तह.शाखा लांजी के अध्यक्षता में एवं आयु.तीजा रामटेके प्रज्ञा महिला मंडल लांजी की वरिष्ठ संगठक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस संयुक्त जयंती समारोह कार्यक्रम में आयु.सदाराम जी गजभिये पूर्व अध्यक्ष न.यु.बौ.मं. कालीमाटी (भूमिदानदाता), आयु कमल किशोर मेश्राम, आयु.ईश्वर बंसोड़, आयु.रितेश बंसोड, आयु. बसंत रामटेके.आयु.ईश्वर धारणें, आयु. पीतम भालाधरे एवं आयु.प्रमोद भिमटे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का कुशल एवं मनमोहक संचालन आयु.एन. गजभिये द्वारा किया गया।

**बौद्ध विहार से प्रारंभ हुई संयुक्त जयंती समारोह की रैली:** बौद्ध विहार कालीमाटी में तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष सामूहिक त्रिशरण पंचशील एवं बुद्ध वंदना के पश्चात माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात उपस्थित उपासक-उपासिकाओं व गणमान्य नागरिकों के साथ रैली ग्राम के भ्रमण हेतू डी.जे.के साथ मंगलोत्सव मनाते हुए एवं संपूर्ण ग्राम के विभिन्न चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहाँ मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुए ।

**भीम गीतों पर झूमे भीम के दिवाने :** रैली में भीम के दिवाने विभिन्न भीम गीतों पर थिरकते हुए हर्षोल्लास के साथ अपनी-अपनी टोलियों में झूम उठे । आस-पास के अन्य ग्रामों से आये हुए बाबा साहेब के अनुयायियों द्वारा भी रैली में सम्मिलित होकर एकता का परिचय दिया गया ।

**शिक्षक नीलकण्ठ गजभिये को प्रदान किया गया स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाण पत्र :** संयुक्त जयंती समारोह-2024 में कार्यक्रम स्थल पर ,ग्राम कालीमाटी में जन्में तथा शा.हाई स्कूल-सुनारककोड़ी में कार्यरत शिक्षक आयु. नीलकण्ठ गजभिये को सुमनाकार साहित्य समिति- ऊन जिला खरगौन द्वारा प्रदत्त सरस्वती साधक सम्मान-2024, कार्यक्रम के अध्यक्ष आयु.आर.के.मेश्राम एवं विशिष्ट अतिथि आयु. तीजा रामटेके के हस्ते प्रदान किया गया एवं उज्वल भविष्य की अनेकानेक मंगल कामनाएं प्रदान की गईं । यह सम्मान आयु. नीलकण्ठ गजभिये को हिन्दी साहित्य में उत्कृष्ट स्तर की कविता लेखन के लिए प्रदान किया गया ।इनकी रचनाएँ सुमनाकर साहित्य समिति जिला खरगौन के रजत जयंती वर्ष- 2024 के अंतर्गत प्रकाशित स्मारिका- स्मृतियों का पुष्पगुच्छ में सम्मिलित की गई हैं।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आयु.सुभाष डाहटे, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीचंद घोरमारे, लेखराम गोस्वामी, कैलाश बोम्बर्डे, अनिल गणवीर, प्रकाश बोम्बर्डे, जितेन्द्र उके, मनीराम गजभिये, दिलीप उके, लक्की गजभिये, विक्की गजभिये, नानाजी रामटेके, सदाराम डहाटे, इनंत गणवीर, झनक घोरमारे, बालिकराम चौधरी, मुकेश घोरमारे, दीपक, शुभम, अर्पण एवं ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें ।

## क्या वाकई में सत्ताधारी विधायक को डरा रहा रेत ठेकेदार...!

# रेत का परिवहन कर रहे दो डंपरों को विधायक ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी ने सोमवार की देर शाम अवैध दस्तावेज के जरिए रेत का परिवहन कर रहे दो डंपरों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा है. दोनों ही डंपरों को रात करीब साढ़े 09 बजे खनिज विभाग के सुर्पुद किया है. दोनों डंपरों को खनिज विभाग ने अपने सुर्पुद लेकर पुलिस अभिरक्षा में कटंगी थाने में खड़ा करवा दिया है. अब खनिज विभाग विधिवत अग्रिम कानूनी कार्रवाई करेगा. विधायक ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि एक डंपर को नंदलेसरा के ग्रामीणों ने पकड़ा था जिसकी सूचना उन्हें दी गई थी. जिसके बाद उन्होंने नंदलेसरा पहुंचकर डंपर के दस्तावेज की जांच की थी. नंदलेसरा के ग्रामीणों ने जिस डंपर को पकड़ा था उसमें बम्हनी बावनथड़ी नदी से रेत भरकर लाई गई थी. डंपर रेत लेकर नंदलेसरा में निर्माणाधीन ओपन कैप के गोदाम आया था. डंपर के पास जो रायल्टी मौजूद थी वह टिटवा डंप के नाम से काटी गई थी. वहीं दूसरे डंपर को विधायक ने सिवनी रोड़ पर पकड़ा. इस डंपर में भी बम्हनी बावनथड़ी नदी से रेत भरी गई थी और रायल्टी टिटवा डंप से जारी की गई थी. विधायक ने रेत ठेकेदार राजेश पाठक पर रायल्टी का अवैध गोरखधंधा पूरे जिले में चलाने का गंभीर आरोप लगाया है. विधायक ने कहा कि 31 मार्च के बाद रेत के नए टेंडर हुए है लेकिन ठेकेदार ने शासन को पैसा जमा नहीं करवाया है जिस वजह से रायल्टी जारी नहीं की गई है. बावजूद इसके ठेकेदार पुराने डंप की रायल्टी जारी कर रेतघाटों से अवैध रेत खनन करवा रहा है. विधायक ने अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ क्षेत्र की जनता से सजग रहने की अपील की है. खासतौर से प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों से कहा है कि वह अवैध तरीके से रेत का परिवहन और उत्खनन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करें।

**अफसरों के रहते विधायक को पकड़ना पड़ रहा डंपर:** विधायक ने डंपर क्रमांक एमपी 28 एच 1935 और एमपी 22 जेडसी 8196 को अवैध दस्तावेज के जरिए रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा है. विधायक से जब हमने पूछा कि पुलिस और खनिज विभाग के रहते उन्हें वाहनों को क्यों पकड़ना पड़ रहा है तो विधायक कहते है कि शायद अफसरों के पास जानकारी का अभाव है. अगर, वाकई में ऐसा है तो यह बेहद दुर्भाग्य की बात है. प्रशासन को अपना मुखबिर तंत्र मजबूत करने की जरूरत है. ताकि इस तरह फिर से विधायक को सड़क पर उतरकर डंपर पकड़ने के लिए मजबूर ना होना पड़े. विधायक से जब पूछा गया कि क्या अब अवैध रेत का परिवहन नहीं होगा तो उन्होंने कहा कि हम सभी को सजग होना पड़ेगा. विधायक बार-बार आम जनता से अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ सामने आने की बात पर जोर देते है।

**रेत ठेकेदार को किसका संरक्षण:** विधायक गौरव सिंह पारधी ने ऑफ कैमरा कहा कि रेत ठेकेदार ने पहले धन बल से खरीदने की कोशिश की लेकिन जब वह नहीं माने तो ठेकेदार कथित तौर पर उपचुनाव की धमकी दे रहा है. यह बहुत ताज्जुब की बात है कि प्रदेश में सत्ता भाजपा की है. भाजपा के ही विधायक को रेत ठेकेदार उपचुनाव कराने की धमकी दे रहे है. यहां उपचुनाव करवाने का मतलब विधायक की हत्या करवाने की अप्रत्यक्ष धमकी देना ही हो सकता है. सत्ताधारी पार्टी भाजपा के लिए बेहद शर्म का विषय होना चाहिए कि उनकी पार्टी के विधायक को रेत ठेकेदार उपचुनाव कराने की धमकी दे रहा है. सवाल तो यहां यह खड़ा होता है कि विधायक को धमकी देने वाले रेत ठेकेदार को किसका संरक्षण प्राप्त है. अगर, विधायक को वाकई में धमकी मिली है तो फिर विधायक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं करवाई. विधायक कहीं सुर्खियों में बने रहने के लिए तो इस तरह के कथित आरोप नहीं लगा रहे. बहरहाल, कटंगी क्षेत्र की जनता ने विधायक को 21 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीताया है. विधायक को अगर वाकई में इस तरह की धमकी अगर मिल रही है तो उन्हें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अपने लिए विशेष सुरक्षा बल की मांग करनी चाहिए।

## मंदिरों से ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर कराया गया जलदर्शन

***भक्ति में वातावरण के बीच बाजे गाजे के साथ हुआ देवी मंदिरों के ज्योति कलशों का विसर्जन***



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी चैत्र नवरात्र पर्व के चलते लांजी क्षेत्र में पूरे नौ दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन होत रहे। वहीं 17 अप्रैल को नवमीं पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। नगर के प्रमुख माता मंदिरों में एक दिन पूर्व अष्टमी को हवन-पूजन कर मातारानी को अठवाई चढ़ाकर कन्यापूजन कर कन्याभोज कराया गया। वहीं नवमीं में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर ज्योति कलशों की शोभायात्रा निकालकर समीपस्थ जलस्त्रोतों में विसर्जन किया गया। बता दे कि नवमीं के अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों में जैसे लांजी नगर के माँ लंजकाई मंदिर में 482, माँ गायत्री शक्ति पीठ में 58, माँ शीतला मंदिर में 115, दुर्गा मंदिर बिसोनी में 332 कलश, भाडरासुर देवी मंदिर 16 कलश, वंही हमेशा की तरह काली मंदिर में 2 ज्योति कलश तथा संकल्प बहुतायत भक्त जनों के द्वारा लिया गया है। दुर्गा मंदिर भुरसाडोंगरी में 15 कलश, मां दुर्गा मंदिर बोलेगांव 53 में, मां शीतला माता मंदिर बोलेगांव 151 में, मां शीतला माता मंदिर साडरा में 33, मां दुर्गा मंदिर बस स्टैंड साडरा 5 में भी मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन पूजन अर्चन आरती के पश्चात लांजी नगर के गणेशी तालाब में तथा क्षेत्र के स्थानीय जलाशयों में कलश विसर्जित किए गए।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

जारी आदेशानुसार 19 अप्रैल मतदान दिवस के लिए संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु अभ्यर्थी को एक ही वाहन का उपयोग करना होगा। अभ्यर्थी के एजेंट को एक ही वाहन संपूर्ण संसदीय क्षेत्र हेतु उपयोग में लाना होगा। अभ्यर्थी के कार्यकर्ता एवं दल के कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए एक ही वाहन संपूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु उपयोग करना होगा। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन का उपयोग अभ्यर्थी की अनुपस्थिति में अन्य कोई नहीं कर सकेगा। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन में ड्रायवर सहित 05 व्यक्तियों की बैठ सकेंगे। उक्त वाहनों के अतिरिक्त किसी भी नेता द्वारा किसी अन्य वाहन को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी को वाहनों के उपयोग के पूर्व उसकी लिखित अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त करना आवश्यक होगा। जिन वाहनों को अनुमति प्राप्त होगी उन वाहनों पर उनके अगले शीशे पर प्रदाय की गई अनुमति आदेश की मूल प्रति चस्पा करना होगा। आवंटित वाहनों पर किसी भी प्रकार का पोस्टर, प्लेकार्ड,बेनर,झंडा लगाने की अनुमति नहीं होगी। उक्त आवंटित वाहनों पर आने वाले व्यय का लेखा-जोखा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये आय-व्यय रजिस्टर में रखना अनिवार्य होगा,जिसका अवलोकन आयोग के प्रेक्षकों को भी उनके निर्देशानुसार समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को आवंटित वाहनों पर मतदाताओं को ढोए जाने पर भ्रष्ट आचरण अधिनियम 1951 की धारा 133 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (5) के अधीन दण्डनीय कार्यवाही की जावेगी।

## दूसरी की फसल काटने पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बखारी गांव में एक व्यक्ति ने दूसरे के खेत में लगी गेहू की फसल हार्वेस्टर से काट ली। शिकायत पर आरोपित के विरुद्ध बंडोल थाना में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बखारी निवासी गिरजेश वामने ने पुलिस को शिकायत की थी कि उसका खेत जमुनिया गांव में है। इसमें गेहू की फसल पककर काटने लायक आ गई थी। उसकी फसल को बकोड़ी गांव के सुशील डेहरिया ने अपना खेत बताकर कटवा दिया। इस बात पर जब उसने सुशील से बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले की जांच के दौरान तहसीलदार से प्रतिवेदन मांगा। जांच में प्रथम दृष्ट्या सुशील पुत्र रमेश डेहरिया आरोपित पाया गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में नहीं की जा सकेगी मतों की याचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर और मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में स्थित किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थानों पर मतों की याचना को प्रतिबंधित किया है। आयोग के निर्देशों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर अथवा मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में न तो किसी मतदाता से मत की याचना कर सकेगा और न ही किसी उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में वोट डालने की प्रार्थना कर सकेगा।

आयोग ने मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में शासकीय सूचनाओं के अलावा किसी अन्य तरह की सूचनाओं या चिन्हों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान के दिन मतदान केन्द्र के भीतर और मतदान केन्द्र के आसपास शोर-शराबा भी नहीं किया जा सकेगा। मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे में मेगाफोन अथवा लाउडस्पीकर के उपयोग को भी आयोग ने प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही मतदान केन्द्र के सौ मीटर के दायरे के बाहर लगाये गये लाउडस्पीकर के उपयोग से यदि मतदान केन्द्र पर मतदान करने आने वाले लोगों को व्यवधान होता है अथवा मतदान कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है तो ऐसे स्थानों से भी लाउडस्पीकर्स को हटाने के निर्देश आयोग ने दिये हैं।

# प्रत्येक वोट जरूरी है पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

## प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये का होगा पुरस्कार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है।

### प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है

चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि

- प्रथम पुरस्कार – 51,000 एवं प्रमाण पत्र
- द्वितीय पुरस्कार – 21,000 एवं प्रमाण पत्र
- तृतीय पुरस्कार – 11,000 एवं प्रमाण पत्र

–10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### नियम एवं शर्तें

-प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
-एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी।
-प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए।
-प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए।
-प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें।
-पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

# प्रथम चरणः जिले में वाले मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण- कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम अनुसार प्रथम चरण में सिवनी जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान संपन्न होंगे।

जिसके परिपेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में सिवनी जिले के अंतर्गत दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 14-मण्डला (166-केवलारी, 117- लखनादौन) एवं 15-बालाघाट (114-बरघाट, 115-सिवनी) में निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर ली गई है। जिले में कुल 1407 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें 243 क्रिटिकल मतदान केन्द्र सम्मिलित है। इन मतदान केन्द्र में 1406 बीएलओ, मतदान कराये जाने हेतु कुल 6253 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान दलों के परिवहन हेतु 177-बडी बस, 322-मिनी बस, 209-जीप, 10-ट्रक एवं 2 ट्रेक्टर लगाये गये हैं, इस प्रकार कुल 720 वाहन अधिग्रहण किये गये हैं। मतदान दिवस में सुरक्षा व्यवस्था में 4803 पुलिस फोर्स एवं 153 सेक्टर आफिसर तथा 20 जोनल आफिसर व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 243 क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में 267 केन्द्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी माईक्रो ऑब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इसी तरह सीसीटीवी एवं वेबकास्टिंग के माध्यम से 1055 मतदान केन्द्रों की निगरानी की व्यवस्था भी की गई है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण शुक्रवार 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान की तैयारी को लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी मतदान सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंघल ने सर्वप्रथम वाहन पार्किंग स्थल पहुंचकर वाहन व्यवस्था प्रभारी अधिकारी से मतदान दलों को मतदान स्थलों तक ले जाने वाले सभी छोटे बड़े वहानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन कार्य में लगे सभी वाहनों की चैकिंग करने, मतदान केंद्रवार एवं रूटवार वाहनों में फ्लेक्स लगाने, जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित विधानसभावार सामग्री वितरण व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने मतदान दलों को की जाने वाली मतदान सामग्री वितरण स्थल (उद्घोषणा स्थल) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उन्होंने मतदान सामग्री वितरण टेबलो में विधानसभावार फ्लेक्स-बैनर लगाने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पर्याप्त मात्रा में महिला पुरुष पृथक-पृथक टॉयलेट व्यवस्था, साफ पीने का पानी, कुर्सियां, बिजली, पंखे आदि की समुचित उपलब्धता करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लखनादौन श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघा शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री प्राप्ति के लिए नहीं लगना होगा लाईन

## निर्धारित टेबल में ही उपलब्ध कराई जाएगी मतदान सामग्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए गुरूवार 18 अप्रैल जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान से मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों एवं मतदान सामग्री का वितरण मतदान दलों को किया जाएगा तथा मतदान सामग्री प्राप्त करने के उपरांत तत्काल सभी दल अपने नियत मतदान केन्द्र की ओर निर्धारित वाहनों से रवाना होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल के मार्गदर्शन में मतदान सामग्री के व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वितरण एवं वापसी के लिए सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान दलों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान दलों के लिए केन्द्रवार टेबल, कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। व्यवस्था अनुरूप मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्ति एवं वापसी के लिए कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी, मतदान सामाग्री मतदान दलों को उनके निर्धारित टेबल में ही उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे मतदान दल सुविधजनक रूप से सामग्री प्राप्त कर सकेंगे तथा मतदान सामग्री मिलान उपरांत अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे। इसके साथ-साथ मतदान दलों को उनके मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के लिए रूटवार वाहनों का निर्धारण भी किया गया है तथा वाहनों के सामने ही रूट क्रमांक एवं मतदान केन्द्र चस्पा किए गए हैं। इसके साथ-साथ मतदान दलों के टेबल में भी वाहन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

# कुरई थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया के नेतृत्व में धड़ले से बिक रही है अवैध शराब, ढाबा संचालकों के हौसले बुलंद

**जहां अभी लोकसभा चुनाव मे प्रशासन व्यस्त है तो वहीं दूसरी ओर कुरई थाना क्षेत्र में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है आदर्श आचार संहिता क्या होती है ये कुरई क्षेत्र वालों को पता ही नहीं है रात-रात भर सड़क किनारे ढाबों में शराब परोसी जाती है और पुलिस ये सब मुख्य दर्शक बनकर देखती रहती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरई।




जिसका सीधा फायदा शराब माफियाओं अपराधियों को मिल रहा है क्योंकि इस क्षेत्र में शराब माफिया अपराधी ही पुलिस के सगे मित्र हैं कृष्ण और सुदामा की तरह

## ढाबा और सड़क किनारे दुकानों पर बिक रही है अवैध शराब

सिवनी । जिले भर में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगी हुई है। लेकिन कुरई थाना अंतर्गत खवासा ग्राम में ढाबों और किराने की दुकानों पर देसी और अंग्रेजी शराब अवैध तरीके से खुले आम बेची जा रही है। सबसे खास बात तो ये है कि इस संबंध में पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को जानकारी है। लेकिन उसके बावजूद भी वे शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस कारण से अवैध शराब कारोबारियों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।

कुरई खवासा के लोगों का कहना है कि पुलिस विभाग व आबकारी विभाग द्वारा शराब माफियाओं को क्षेत्र में संरक्षण दिया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में शराब का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। इसके अलावा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरई नगर से लेकर खवासा ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक, गांजा का व्यवसाय भी हो रहा है। जिस से बच्चों से लेकर युवा वर्ग भी बर्बाद हो रहा है। वहीं नशे के आदि हो चुके लोगों द्वारा आपराधिक वारदातों को भी अंजाम दिया जा रहा है।

# मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं पीले चॉवल देकर किया जा रहा मतदान के लिए आमंत्रित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सतत रूप से मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए जिले के ग्रामीण अंचलों में परंपरा अनुरूप घर-घर पहुंचकर मतदाताओं तिलक लगाकर एवं उनके घरों में पीले चॉवल डालकर आमंत्रण देने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ-साथ ग्रामीण स्तर के मैदानी अमले द्वारा जागरूकता रैलियां निकालकर बुजुर्ग, पुरूष-महिला, पहली बार अपने मताधिकारी का उपयोग करने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित

# नगर में स्पेशल आर्म फोर्स व पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च



**केवलारी-** प्रथम चरण की 19 तारीख को होने वाले मंडला अजजा लोकसभा चुनाव का प्रचार श्री राम जन्मोत्सव दिनांक 17 अप्रैल से थम गया। केवलारी- क्षेत्र की सुरक्षा व शांति पूर्ण मतदान के लिये केवलारी-थाना प्रभारी सी एस उइके के नेतृत्व मे स्पेशल आर्म फोर्स के 60 जवानो सहित पुलिस प्रशासन ने आज नगर मे फ्लैग मार्च निकाला।लोकसभा चुनावों में शांति बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर स्पेशल आर्म फोर्स का यह फ्लैग मार्च जवानों की क्षेत्र मे उपास्तिथि का आम संदेशा क्षेत्र को देना था, ताकि आपातकालीन स्थिति में उन्हें क्षेत्र के बारे में जानकारी रहे।चुनावों के मद्देनजर शांतिपूर्ण मतदान कराने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के साथ ही अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जवानों और थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

## जिले में 19 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत शुक्रवार 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए जिले में सार्वजनिक तथा सामान्य घोषित किया है।

## स्वर्गीय कस्तुर चंद अवधिया की स्मृति मे वाटर फिजर जनता को समर्पित



-केवलारी- ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पुर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री कस्तुर चंद अवधिया की स्मृति मे पुत्र पराग अवधिया एवं परिवार जनों के द्वारा शुक्रवारी बाजार में स्तिथ अवधिया ज्वेलर्स के सामने वाटर फिजर मशीन भगवान श्री राम के जन्मदिन दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी 17 अप्रैल 2024 को जन सेवा भावना से लगाया गया है। बाजार क्षेत्र मे शुद्ध पेयजल की महती आवश्यकता का गर्मी के प्रारंभिक समय मे लगना जनता के लिये सुखद संदेश है।

## गोशाला से मोटर पंप चोरी

बींझावाड़ा स्थित दयोदय जीव रक्षा संस्थान से अज्ञात चोर तालाब में डाली गई पानी की मोटर पनडुब्बी चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार मवेशियों को पानी पिलाने के लिए गोशाला के तालाब में लगभग दो सप्ताह पूर्व पानी की मोटर डाली गई थी।बीती रात अज्ञात चोरों ने आरी लेकर गोशाला में प्रवेश किया गया और मोटर के पाइप और बिजली की लीड को आरी से काटकर मोटर चुरा ली। उक्त मोटर कोरोना काल में दयोदय जीव रक्षा संस्थान द्वारा खरीदी गई थी। इस घटना की लिखित सूचन डूंडासिवनी पुलिस को दे दी गई है।

## सुपर माम की बहन है लंगड़ी बाघिन

# 17 की उम्र में हौसला बरकरार, डटकर कर रही शिकार



**कुछ पर्यटकों ने लंगड़ी बाघिन को जंगली सुअर का शिकार करने के बाद उसे अपने मुंह में दबाकर ले जाने के पल को कैमरे में कैद किया। अब लंगड़ी बाघिन का यह वीडियो व फोटो इंटरनेट मीडिया में बहुप्रसारित हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जंगल में बाघों की औसत आयु 12 से 13 साल होती है, वहीं पेंच टाइगर रिजर्व की लंगड़ी (टी 20) बाघिन 17 साल की होने के बाद भी हौसला दिखाकर डटकर शिकार कर रही है।एक दिन पहले ही मंगलवार को पेंच के कोर क्षेत्र में नदी के पास लंगड़ी बाघिन को पर्यटक जंगली सुअर का शिकार करते देख रोमांच से भर गए।

पेंच टाइगर रिजर्व के खवासा बफर क्षेत्र में पदस्थ आरओ राहुल उपाध्याय ने बताया है कि मंगलवार को पेंच के कोर क्षेत्र में नदी के पास सबसे उम्रदराज लंगड़ी (टी 20) बाघिन द्वारा जंगली सुअर का शिकार कर उसे अपने मुंह में दबाकर ले जाने की फोटो उनके पास आई थी। उन्होंने बताया कि जंगल में बाघ की औसत आयु 12 से 13 साल की होती है, लेकिन लंगड़ी बाघिन 17 साल की होने के बाद भी शिकार कर रही है।

इतनी उम्र में बाघ-बाघिन के दांत घिस जाते हैं, साथ ही वह काफी कमजोर हो जाते है।ऐसे में शिकार करना आसान नहीं होता है।अधिकांश बाघ-बाघिन 13 से 14 साल की उम्र में शिकार नहीं कर पाने के कारण कमजोर होकर मृत हो जाते हैं।वहीं लंगड़ी बाघिन का 17 साल पूरे कर लेने के बाद भी हौसला बरकरार है। वह अब भी शिकार करने की क्षमता होने के कारण जीवित है। उन्होंने बताया है कि देश-विदेश में सुपर माम व पेंच की रानी के नाम से मशहूर कालर वाली बाघिन की ही लंगड़ी बाघिन बहन है।दो साल पहले वर्ष 2022 में कालर वाली बाघिन दुनिया से अलविदा हो चुकी है, लेकिन उसकी बहन लंगड़ी बाघिन अब भी जंगल में अपना वर्चस्व बनाए हुए है।साथ ही जिस क्षेत्र में कालर वाली बाघिन राज करती थी उसी क्षेत्र में लंगड़ी बाघिन राज कर रही है।

पेंच के प्रकृतिवादी ओमवीर चौधरी ने बताया है कि मंगलवार को सुबह की सफारी पर गए अनेक पर्यटकों को कोर क्षेत्र में नदी के पास लंगड़ी बाघिन जंगली सुअर का शिकार करते हुए दिखी। इस दृश्य को देख पर्यटक रोमांचित हो गए। कुछ देर बाद लंगड़ी बाघिन अपने शिकार को मुंह में दबाकर जंगल की ओर चली गई।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह ने मंगलवार 16 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के परिपेक्ष्य में की जाने वाली कार्यवाही को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार मतदान के 72 घंटे तथा 48 घंटे पूर्व की सभी कार्यवाही समय सीमा में प्रभावी रूप से संपन्न की जाए। जिले में धन-बल के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए जोनल एवं पुलिस अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों का संयुक्त सतत निरीक्षण करें तथा कहीं से भी कोई शिकायत आने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार द्वारा अंतर्राज्यीय चैक पोस्ट खवासा एवं तेलिया के साथ-साथ सभी चैक पोस्टों में सघन जांच कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी प्रवेश मार्गों से आने वाले वाहनों की सूक्ष्मता से जांच करते हुए नगदी के साथ-साथ नशीले पदार्थों, कीमती वस्तुओं तथा शराब का परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 17 अप्रैल शाम 06 बजे के उपरांत जिले में पूरी तरह से चुनावी प्रचार-प्रसार एवं रैलियों का आयोजन न हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित मात्रा से अधिक तथा बिना अनुमति के राजनैतिक वाहनों की जप्ती की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ-साथ मतदान के 48 घंटे पूर्व स्टार प्रचाराकों को निर्वाचन क्षेत्र छोडने के आदेशों का भी सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। धर्मशाला, रेस्टहाउस, विश्राम गृहों का संयुक्त निरीक्षण किया जाए। इसी तरह उन्होंने कंट्रोल रूम एवं सीविजिल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का भी तत्परता से निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

## 2321 मतदान केन्द्रों पर 18 लाख मतदाता करेंगे मतदान

# लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों ने प्रचार में झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इसके 48 घंटे पहले बुधवार को प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान के लिए संपर्क कर सकते है। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर सभा को संबोधित किया।

बुधवार को भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी जिले के रामपायली स्थित बालाजी श्रीराम मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर राम भजन गाए। इसके बाद रामपायली में सीएम के साथ सभा की। यहां से वह सिवनी में रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस में पहुंची। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने प्रचार के अंतिम दिन, किरनापुर और बड़गांव में भगवान श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की और कटंगी के महकेपार में जनसभा को संबोधित किया।

### 13 प्रत्याशी मैदान में

गौरतलब है कि बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट के लिए 19 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा किया था। निर्देशन फॉर्म की संवीक्षा के बाद दो प्रत्याशियों निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार चौधरी और मनोज कुमार सैय्याम का नामांकन निरस्त हो गया था। इसके बाद 30 मार्च को 4 प्रत्याशियों ने नाम वापसी ले लिया था।

जिसके बाद 18 लाख से ज्यादा मतदाताओं वाले लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में 13 प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें भाजपा से भारती पारधी, निर्दलीय धनेन्द्र शरणागत, महादेव नागदेवे, भुवनसिंह कोर्राम, पीपल्स पार्टी ऑल इंडिया के डेमोक्रेसी धनीलाल मानेश्वर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रियंका भण्डारकर, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी सम्राट सिंह, मध्य प्रदेश जन विकास पार्टी सत्यप्रकाश सुलखे, निर्दलीय दिलीप छाबडा, गोंगपा से नंदलाल उईके, राष्ट्रवादी भारत पार्टी से मोहन कुमार राउत, बीएसपी से कंकर मुंजारे, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजकुमार नागेश्वर चुनाव मैदान में है।

### 2321 मतदान केन्द्रों पर 18 लाख मतदाता करेंगे मतदान

बालाघाट-सिवनी निर्वाचन क्षेत्र में 2321 मतदान केंद्र बनाये गये है जिसमें 18 लाख 71 हजार 270 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें 929434 पुरुष और 941821 महिला तथा 15 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग निर्वाचन में करेंगे। पूरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2037 सर्विस वोटर्स, 68.85 ईपी रेसियों, 1014.21 जेंडर रेसियों, 15402 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 6112 मतदाता है।

# वन परिक्षेत्र लालबर्रा सूचना अधिकार के तहत नहीं दे रहें जानकारी

## आवेदक ने कहा जानकारी प्राप्त होते ही भ्रष्टाचार का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वन परिक्षेत्र अधिकारी हर्षित सक्सेना लालबर्रा दक्षिण सामान्य के द्वारा आवेदक को चाही गई प्रतियां प्रदान न करते हुए। अधिनियम का हिला हिवाला देते हुए गुमराह कर रहें हैं। आवेदक ने कहा कि अगर लालबर्रा परिक्षेत्र अधिकारी चाही गई प्रतियां प्रदान करते हैं तो वन विभाग में निर्माण कार्य के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा। वित्तिय वर्ष 2023-24 में वन परिक्षेत्र लालबर्रा द्वारा कार्यालय परिसर में सी.सी. सड़क निर्माण तथा सोनेवानी गेस्ट हाउस सी.सी.सड़क निर्माण किया गया हैं। सामग्री सप्लायर ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे सामग्री सप्लाय करने का ऑर्डर मिला था किन्तु वन परिक्षेत्र लालबर्रा हर्षित सक्सेना के द्वारा अपने चहेते सप्लायर से नॉट फॉर सेल का सिमेंट लेते हुए सड़क निर्माण में कमीशनखोरी के चक्कर में उपयोग किया गया हैं। वहीं सप्लायर ने बताया कि मेरे द्वारा दक्षिण वनमंडल सामान्य कार्यालय में आवेदन देकर सामग्री सप्लाई की अनुमति मांगी किन्तु विभाग के द्वारा सफल निविदाकार को दरकिनार करते हुए नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए चहेतें सप्लायर से सिमेंट, लोहा, गिट्टी खरीदा हैं। तथा सड़क के दोनो ओर साईड सोल्डर में गुणवत्ताहीन मुरूम का उपयोग किया गया हैं। मुरूम की रॉयल्टी भी सप्लायर ने चोरी की हैं।

सूचना के अधिकार के तहत आवेदक ने निर्माण कार्य में उपयोग हुई सामग्री के बिलों के प्रमाणक मांगे हैं किन्तु वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा आवेदक को अधिनियम का हिला-हवाला करते हुए जानकारी प्रदान नहीं की जा रही हैं। वहीं वर्ष 2023-24 में एस.सी.आई. कूपों में कार्य अयोजना अंतर्गत रख-रखाव कार्य कागजों में दर्शाकर लाखों का भ्रष्टाचार किया गया हैं। चेकडेम, ब्रशूट तथा लेण्टाना उन्मूलन के नाम पर लाखों के भुगतान किये गये हैं। इन कार्यों की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उचित जांच की तो लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा।

# राममय हुआ बालाघाट: दोपहर को खुले पुराने श्रीराम मंदिर के पट, कलाकारों ने दी राम भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बुधवार को रामनवमी पर्व पर बालाघाट शहर राममय नजर आ रहा है। दोपहर 12 बजे नगर के पुराने श्रीराम मंदिर के पट खोले गए। जहां भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमा की प्रतिमा पर नीले वस्त्र अंबर की तरह नजर आ रहे थे।

मंदिर के पट खुलने के बाद राम मंदिर ट्रस्ट और विहिप पदाधिकारियों ने भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान पूजा-अर्चना के बाद महा आरती की गई। इसके बाद कलाकारों ने राम भजनों की प्रस्तुति दी।

इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों को महा प्रसादी का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पहली बार रामनवमी पर्व पर मुख्यालय की सभी सड़कों को रोशन और भगवा रंग से सुसज्जित किया गया है।

नगर के अंबेडकर चौक पर बनी प्रभु श्रीराम और राम भक्त हनुमान की विशाल झांकी और काली पुतली चौक पर राम भक्त हनुमान की झांकी और मोती तालाब चौक, शिव मंदिर चौक में राम दरबार की झांकियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। जिसे देखने बड़ी संख्या में नगर वासी पहुंच रहे है।

बुधवार दोपहर 12 बजे पुराने श्रीराम मंदिर में राम कक्ष के पट खुलने के बाद विधिवत पूजा अर्चना कर महा प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं शाम 5 बजे से पुराने श्रीराम मंदिर से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकलेगी।

वहीं 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर वीर बजरंगी का स्वरूप निकाला जाएगा। श्री हनुमान सेवादल समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हनुमान भक्त आकाश रंगलानी वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे।

## पंचनामा में दस्तखत से किया इंकार, वैधानिक कार्यवाही कर विजिलेंस टीम रवाना

# गर्रा में पूर्व उपसरपंच भाजपा नेता के घर बिजली विभाग ने पकड़ी बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम के अधिकारी राजेन्द्र बिहोने और टीम ने गर्रा-मांझापुर रोड स्थित भाजपा नेता और पूर्व उपसरपंच संजय बिसेन के घर पर दबिश दी। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम को विभागीय तौर से सूचना मिली थी कि संजय बिसेन के राईस मिल और घर की बिजली काटे जाने के बावजूद, घर के समीप से गुजरने वाले बिजली के नंगे तारो पर आकड़ा फंसाकर वह बिजली का उपयोग कर रहा है। जिसके बाद 17 अप्रैल को विजिलेंस टीम ने, जब संजय बिसेन के घर में दबिश दी तो यहां बिजली के तारो में आकड़ा फंसाकर बिजली जलाते हुए पकड़ा गया। विजिलेंस टीम ने पाया कि बिजली के तार से संजय बिसेन के घर में दो पंखे और दो बल्ब जल रहे थे। जिसका विजिलेंस टीम ने पंचनामा भी बनाया। हालांकि इस पंचनामे पर विजिलेंस टीम अधिकारी राजेन्द्र बिहोने ने बताया कि उन्होंने दस्तखत करने से मना कर दिया है।

बिजली चोरी की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे उड़नदस्ता प्रभारी राजेन्द्र बिहोने ने बताया कि विभागीय तौर पर इस सूचना के बाद आज संजय बिसेन के घर में कार्यवाही की गई। जहां बिजली चोरी पाए जाने पर पंचनामा कार्यवाही की गई है। पंचनामा में उनके द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया है।

इस मामले में उपसंभाग प्रभारी रवि कुंभरे ने बताया कि गर्रा निवासी संजय बिसेन की राईस मिलर्स पर लगभग 5 लाख रूपए से ज्यादा की बकाया राशि है। विभागीय सूची में वह बकाया राशि में पहले नंबर पर है। जिन्हें डिफाल्टर उपभोक्ता की श्रेणी में रखा गया है। जिनकी राईस मिल और घर का कनेक्शन, बिजली बिल की बकाया राशि के कारण काट दिया गया है। जिसके यहां पर बिजली के तारो पर आकड़ा डालकर बिजली कराने की सूचना विभाग को मिली थी। जिसके बाद विजिलेंस टीम ने दबिश देकर यहां बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। जिसमें पंचनामा कार्यवाही कर ली गई है। वह दोबारा बिजली चोरी ना करे, इसकी निगरानी की जाएगी।

## आकाशवाणी एफएम 101.3 युवावाणी कार्यक्रम के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी के तहत शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के ईएलसी क्लब द्वारा बालाघाट आकाशवाणी एफएम 101.3 मेगाहट्र्ज पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम युवावाणी के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधि की रिकॉर्डिंग मंगलवार को की गई। जिसमें कैंपस एंबेसडर निशा कनौजिया एवं ईएलसी सदस्य प्रिया यादव, पुष्प लता यादव, स्वाति नामदेव, एवं आकांक्षा द्वारा 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने गायन के माध्यम से प्रत्येक मतदाता से मतदान करने की अपील की गई। साथ ही ईएलसी सदस्यों द्वारा भी जिले वासियों को चुनाव में भागीदारी का महत्व बताते हुये न केवल स्वयं मतदान करने बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया गया।



बालाघाट। नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन मां दुर्गा का रूप धारण

नाम आराध्या महेश, कक्षा 2nd

# निर्वाचन सामग्री की तैयारियां हुई पूरी सुबह से होगा वितरण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान दलों को सामग्री वितरित की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसकी पूरी तैयारी ली है। मतदान दलों में शामिल दलों के अधिकारियों के लिए सामग्री प्राप्त करने में कोई समस्या न हो इसके लिए हर विधानसभा का कलर कोडिंग की गई है। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार के लिए यातायात प्रबंधन के सम्बंध में पार्किंग, आवागमन और डायवर्सन के सम्बंध में निर्देश जारी किए है। सामग्री वितरण और कम्युनिकेशन तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में भी कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा ने सीईओ व सीएमओ के साथ बुधवार को दोपहर में गूगल मीट के माध्यम से निर्देश जारी किए है।

सामग्री वितरण में कोई असुविधा नही हो इसके लिए हर विधान सभा का अलग अलग रंग निर्धारित किया गया है। जिससे मतदान दलों को कोडिंग के द्वारा आसानी होगी कि उन्हें किस विधानसभा और किस ओर से जाने में सुविधा होगी। बैहर विधानसभा को हल्का हरा, लांजी को लाल, परसवाड़ा का नीला, बालाघाट का सफेद, कटंगी का पीला और वारासिवनी का पिंक कलर कोड किया गया है।

पुलिस विभाग द्वारा जारी यातायात, पार्किंग व डायवर्सन के प्लान के अनुसार शहर में भारी वाहन प्रवेश न कर बैहर रोड़-बायपास सरेखा- नवेगांव- डेंजर रोड़ होकर आवागमन करेंगे। लांजी- गोंदिया आने जाने वाली बसे बैहर रोड़ होकर सरेखा बायपास से बस स्टैंड आना जाना करेंगी। वही अम्बेडकर चौक मोती गार्डन चौक से गुरुद्वारा चौक तक भारी वाहन/बस प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह मोती गार्डन चौक से जागपुर घाट व गायखुरी तक आवागमन पूर्णतः बन्द रहेगा। इसके अलावा पार्किंग स्थल भी चयन किये गए है। उच्च अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग पॉलीटेकनिक कॉलेज के सामने, अधिकारियों एआरओ और सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए पॉलीटेकनिक छात्रवास, सामग्री वितरण में लगे अधिकारी व मतदान अभिकर्ताओं के लिए पॉवर हॉउस, मीडिया के लिए गायखुरी रोड़ टेम्भरे मैदान में तथा चुनाव में लगे पुलिस बल सशस्त्र बल को लेकर आने वाली बसे मोती नगर चौक पर उतार कर वाहनों व बसों को सरस्वती नगर रोड़ के किनारे बायीं ओर पार्क होगी।

# राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने बनियाटोला स्थित गिट्टी खदान में दी दबिश

## एनजीटी ने वस्तुस्थिति दस्तावेज का अवलोकन कर पडने वाले दुष्प्रभाव का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के ग्राम बनियाटोला में स्थित एक गिट्टी खदान में मंगलवार को तीन सदस्यों का राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी का जांच दल ग्रामीणों की शिकायत पर जाँच करने पहुंचा। जिसने वस्तु स्थिति व दस्तावेज का अवलोकन कर ग्रामीणों के मकान पर खदान की वजह से पड़ रहे प्रभाव का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की।

इस दौरान जिला मुख्यालय से आये अधिकारी इस मामले में गोलमोल जवाब देकर बचते हुए नजर आए। वहीं खदान संचालक के द्वारा दस्तावेज को लेकर भी गोल-गोल जवाब देने का प्रयास किया गया। जिस पर एनजीटी के अधिकारियों के द्वारा सख्त रवैया दिखाने का प्रयास कर मीडिया से बचने का कार्य कर अपने नाम तक बताना लाजमी नहीं समझा।

**पर्यावरण को क्षति पहुंचाने का किया जाता है कार्यः** प्राप्त जानकारी के अनुसार खदान मालिक के द्वारा गिट्टी की खदान ग्राम बनियाटोला में संचालित की जाती है। जिस पर ग्रामीणों के द्वारा लगातार अत्यधिक विस्फोटक लगाकर ब्लास्ट करने और नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया जाता रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि इन विस्फोटों के कारण उनके मकान में दरारें आ गई हैं, स्लैब का प्लास्टर झड़ रहा है और ब्लास्ट होते ही उनके मकान में जबरदस्त कंपन होता हैं, जिससे वह काफी परेशान रहते है। वहीं खदान के आसपास खेती भूमि भी हैं, जिसमें पानी की समस्या बनी रहती हैं, तो वहीं खदान की डस्ट और पत्थर उपज को भी बर्बाद कर रहे हैं।

**ग्रामीणों ने की थी खदान संचालक की शिकायतः** ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण में पर्यावरण को क्षति पहुंचाने और उनके मानव जीवन पर असर डालने को लेकर खदान संचालक माजीद खान के खिलाफ शिकायत की गई थी। जिस पर 16 अप्रैल को 3 सदस्यों की राष्ट्रीय हरित अधिकरण का जांच दल वारासिवनी पहुँचा था, जिन्होंने ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जाँच की।

**मौके पर दस्तावेज नदारदः** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के जांच दल ने पहले शिकायतकर्ता ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके मकान, दुकान, खेत में होने वाली क्षति का अवलोकन किया। जिसके बाद वह खदान संचालक की खदान में पहुँचे। जहां माजिद खान से आवश्यक दस्तावेज-जैसे खदान की लीज, विस्फोटक मेंटनेंस रजिस्टर, विस्फोटक पदार्थ के बिल सहित अनेक प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। जिस पर खदान संचालक के द्वारा गोल मोल जवाब देकर दस्तावेजों को घर पर या अन्य स्थानों पर होना बताया गया। जिस पर अधिकारियों द्वारा भोजन करके आने के बाद दस्तावेज दिखाने की बात कही गई। जिस पर खदान मालिक माजीद खान के द्वारा अधिकारियों को भोजन पर चलने के लिए कहां गया, अधिकारी मना करते हुए दिखे। वहीं उन्होंने खदान मालिक को विभिन्न दस्तावेज की फाइल तैयार कर देना कहते हुए भोजन करने के लिये निकाल गये।

**मीडिया को नाम बताने से भी परहेज किया अधिकारियों ने :** इस दौरान मीडिया ने अधिकारियों से मौखिक चर्चा कर उनके नाम जानने का भी प्रयास किया। लेकिन अधिकारियों ने मीडिया को अपना नाम तक बताना अनुचित समझा और टालमटोल कर मौके से भोजन करने के लिए रवाना हो गये। बताया जा रहा है कि उक्त अधिकारी भोपाल, जबलपुर और छिंदवाड़ा से राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देश पर खदान की जांच करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देश पर पहुंचे अधिकारियों ने खदान मालिक को निर्देशित किया कि वह एक बार और जॉच पर आएंगे। उस दौरान खदान में ब्लास्टिंग करके दिखाना होगा, वह स्वयं निर्धारित करेंगे कि कब वह आएंगे? उस दौरान उन्हें ब्लास्टिंग करना है।

# लिंगमारा एवं लड़सड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय लिंगमारा एवं लड़सड़ा में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार जन अभियान परिषद जिला बालाघाट के अधीनस्थ नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी द्वारा संचालक निरंजन बिसेन के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिये रांगोली, लेखन एवं मेंहदी लेखन, लेख भी किया गया। ''सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'' सहित अनेक जागरूकता संबंधी नारे ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत भवन सहित अपने-अपने निवास स्थान के आंगन में रांगोली डालकर लिखे गये एवं हाथों में मेंहदी लगाकर लिखे गये साथ ही 19/04/2024 को लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान निष्पक्ष बगैर भेदभाव निःस्वार्थ भाव सेदेश हित में करने की शपथ दिलायी गई।

## नृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन करते हुए बैगा परिवार ने लिया मतदान करने का प्रण

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में स्वीप गतिविधियॉ निरंतर जारी है। इसी के तहत वारासिवनी जपं सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को बैगा बसाहट कोचेवाही में ब्लॉक स्तरीय स्वीप टीम एवं ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस तथा बैगा के कुल 37 परिवार जो कोचेवाही (वारासिवनी) के नत्था टोला बैगा मोहल्ला में निवासरत है जिन्हे मतदान हेतु जागरूक करने स्वीप टीम एवम ग्रामपंचायत की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम,पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया।

## घरों में महिलाओं ने कराया नौ कन्याओं को कन्या भोज

# माता रानी के मंदिरों में कलश विसर्जन के साथ हुआ महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



लालबर्रा क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। मातारानी के मंदिरों में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर भक्तों की भीड़ देखी गई महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में आठवाई चढ़ाने आतूर दिखाई दी और उन्होंने मां का श्रंगार कर उन्हें अठवाई चढ़ाई और विधि विधान से माता रानी की पूजा अर्चना कर माता रानी की आरती की गई। राम जन्मोत्सव रामनवमी के दिन क्षेत्र में अलग ही माहौल देखा गया युवा पीढ़ी सुबह से ही जय श्री राम जय श्री राम के नारे लगाते देखे गए जिससे माहौल पूरा राममय हो गया नवरात्रि की नवमी के दिन महिलाओं ने अपने घरों में नौ कन्याओं को पूरे विधि विधान और भक्ति भाव से पैर धुलवाकर माहुर लगाकर कन्याओं को तिलक लगाकर भोज कराया और कन्याओं द्वारा बड़े ही सादगी पूर्वक भोजन ग्रहण किया गया और बालाघाट सिवनी मार्ग पर कंजई घाटी में स्थित मां बंजारी मंदिर में भी बड़े ही भक्ति भाव से ज्वारा और कलशो का विसर्जन किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमे भक्तों की खासी भीड़ देखी गई।